ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ, उत्तर प्रदेश (भारत)
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow, U.P. (India)

# परीक्षा समिति की कार्यवाही

दिनांक 06.09.2021 को अपराह्न 03:00 बजे सभागार में सम्पन्न परीक्षा समिति की बैठक की कार्यवाही

बैठक में निम्नलिखित सदस्यगण उपस्थित रहें :–

1. प्रो0 अनिल कुमार शुक्ल, कुलपति – अध्यक्ष।
2. प्रो0 मसऊद आलम – सदस्य।
3. प्रो0 सैय्यद हैदर अली – सदस्य।
4. प्रो0 चंदना डें – सदस्य।
5. प्रो0 सौबान सईद – सदस्य।
6. डॉ0 जावेद अख़्तर – सदस्य।
7. डॉ0 नीरज शुक्ल – सदस्य।
8. डॉ0 रूचिता सुजए चौधरी – सदस्य।
9. डॉ0 उधम सिंह – सदस्य।
10. डॉ0 अताउर रहमान आज़मी, उप परीक्षा नियंत्रक – विशेष आमंत्रित।
11. श्री संजय कुमार, कुलसचिव / परीक्षा नियंत्रक – सचिव।

सर्वप्रथम अध्यक्ष महोदय द्वारा समस्त सदस्यगण का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारभ किये जाने हेतु परीक्षा नियंत्रक को निर्देशित किया गया। तदक्रम में परीक्षा नियंत्रक द्वारा प्रस्तुत कार्यसूची पर परीक्षा समिति द्वारा बिन्दुवार निम्नांकित निर्णय लिये गये :–

**बिन्दु सं0–1 परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 11.08.2021 की संलग्न कार्यवाही के सम्पुष्टीकरण पर विचार।**

परीक्षा समिति द्वारा पूर्व में सम्पन्न बैठक दिनांक 11.08.2021 की कार्यवाही को यथावत् सम्पुष्ट किया गया।।

**बिन्दु सं0–2 सत्र 2020–21 में प्रस्तावित स्पेशल बैक पेपर परीक्षा की तिथि निर्धारित करते हुए प्रस्तावित परीक्षा समय सारणी पर विचार।**

परीक्षा समिति द्वारा स्पेशल बैक पेपर परीक्षा दिनांक 13, सितम्बर 2021 से दिनांक 15, सितम्बर 2021 तक तीन पालियों में सम्पादित कराये जाने हेतु कार्यालय द्वारा प्रस्तावित परीक्षा समय सारणी को अनुमोदित किया।

**बिन्दु सं0–3 बी0ए0जे0एम0सी0 पाठ्यक्रम के विद्यार्थी श्री अभय राज के प्रार्थना पत्र पर विचार।**

परीक्षा समिति द्वारा प्रार्थी श्री अभय राज के प्रार्थना पत्र पर तल्लीनता से विचार किया गया, जिसके उपरान्त समस्त सदस्यों द्वारा एक मत होकर प्रार्थी के भविष्य को दृष्टिगत रखते हुए निर्णय लिया कि यदि विद्यार्थी द्वारा भूलवश बैक प्रश्नपत्रों के स्थान पर बैक प्रश्नपत्रों के नाम के नियमित प्रश्नपत्र की परीक्षा दी गयी है तो यह अवश्यक देख लिया जाए कि नियमित एवं बैक प्रश्नपत्र के कन्टेंट एक समान है अथवा नही यदि है तो प्रार्थी द्वारा दी गयी नियमित प्रश्नपत्र की परीक्षा के अंकों को बैक प्रश्नपत्र के स्थान पर अंकित कर परीक्षाफल संशोधित करने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

अन्य बिन्दु अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।

**पी0एच0डी0 पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा के सम्बंध में माननीय कुलपति जी द्वारा पृच्छा की गयी। इस सम्बंध में निर्णय लिया गया कि उ0प्र0 शासन / राज्यपाल सचिवालय को कार्य परिषद द्वारा अनुमोदित पी0एच0डी0 अध्यादेश–2021 की एक प्रति अनुमोदन हेतु यथाशीघ्र प्रेषित कर दी जाये।**

(संजय कुमार)
परीक्षा नियंत्रक / सचिव

(प्रो0 अनिल कुमार शुक्ल)
कुलपति / अध्यक्ष

Add:- Sitapur-Hardoi Bypass Road, Lucknow -226013 U.P. (India) Contact:- 0522-2774041-45, Fax-05222774046
Website:- www.uafulucknow.ac.in, Email:- upuafulucknow@gmail.com